आईआईएफएल फाइनेंस की वित्तीय साक्षरता कार्यशालाओं ने 52,900 लोगों को भविष्य के लिए योजना बनाने में मदद की

आईआईएफएल फाउंडेशन के साथ भारत की सबसे बड़ी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में से एक आईआईएफएल फाइनेंस ने 'आईआईएफएल मिलन' नामक एक नया कम्युनिटी कनेक्ट कार्यक्रम शुरू किया है। इसके अंतर्गत सामाजिक प्रभाव लाने और समाज को कुछ वापस देने के लिए विभिन्न पहलें आयोजित की जा रही हैं।

आईआईएफएल ने 9 मार्च 2019 को, देश भर के 700 से अधिक शहरों और कस्बों में एक ही दिन में 1,206 से अधिक वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किए। 'फ्यूचर का गणित' कार्यक्रम में लोगों को वित्त के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार होने के बारे में जागरूक किया गया। इन शिविरों में 52,900 से अधिक लोगों, विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों ने भाग लिया। आईआईएफएल फाइनेंस के सीईओ श्री सुमित बाली ने कहा, 'आईआईएफएल फाइनेंस एक जिम्मेदार संगठन है, जिसके प्रमुख उद्देश्य हैं ईएसजी, अर्थात्, पर्यावरणीय, सामाजिक और सुशासन। आईआईएफएल मिलन हमारे समुदाय के सदस्यों को कुछ वापस देने की दिशा में एक और कदम है, जिन्होंने पिछले 13 वर्षों में आगे बढ़ने में हमारी मदद की है। योजना वित्तीय प्रबंधन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, और इन 1,206 वित्तीय साक्षरता कार्यशालाओं ने प्रतिभागियों को लक्ष्य-आधारित वित्तीय योजना के बारे में नए रूप में समझाया।' आईआईएफएल ग्रुप की गैर-बैंकिंग वित्त शाखा, इंडिया इंफोलाइन फाइनेंस लिमिटेड, एक व्यवस्थित रूप से महत्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है, जो पब्लिक डिपॉजिट्स को स्वीकार नहीं करती है और होम व प्रॉपर्टी लोन, गोल्ड लोन, कॉमर्शियल व्हीकल फाइनेंस, सिक्युरिटीज़ के बदले लोन, एसएमई बिजनेस और माइक्रो फाइनेंस लोन के व्यवसाय में संलग्न है। आईआईएफएल फाइनेंस को क्रिसिल द्वारा एए (स्टेबल), आईसीआरए द्वारा एए (स्टेबल) और केयर द्वारा एए (पॉज़िटिव) की दीर्घकालिक क्रेडिट रेटिंग मिली हुई है।